# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, पलामू
(श्रम शाखा)

## आदेश

अपर श्रमायुक्त–सह निदेशक, राज्य श्रम संस्थान, झारखण्ड के पत्रांक–662 दिनांक 30.06.2022 के आलोक में बाल श्रम की कुप्रथा से मुक्त करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने हेतू 01 जून, 2022 से 30 जून, 2022 तक बाल श्रम उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया जाना है। इसके लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित होटलो/ ढाबों/ ईंट भट्ठों/ मोटर गैराजों इत्यादि का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करना है कि इसमें कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं है। इसके साथ ही क्षेत्रान्तर्गत व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए इस अभियान को मूर्त रूप दिया जाना है। अधोहस्ताक्षरी के आदेश संख्या– 02 दिनांक 24.03.2022 द्वारा गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स को निदेश दिया जाता है कि 01 जून, 2022 से 30 जून, 2022 तक पलामू जिले में अवस्थित होटलो/ ढाबों/ ईंट भट्ठों/ मोटर गैराजों इत्यादि का भ्रमण कर उक्त अभियान को सफल बनाना सुनिश्चित करेंगें।

09/06/2022

उपायुक्त,
पलामू

ज्ञापांक– 170

मेदिनीनगर, दिनांक – 10/06/2022

प्रतिलिपि :– जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स के सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी को अभियान के उपरांत प्रतिवेदन उपलबध कराना सुनिश्चित करेंगें।

9/06/2022

उपायुक्त,
पलामू

# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, पलामू। (15)

(श्रम शाखा)

कार्यालय आदेश संख्याः–....02..... मेदिनीनगर, दिनांकः–....24/03/2022....

झारखण्ड गजट की संख्याः–191, राँची दिनांकः–16.03.2022 के आलोक में पलामू जिला में वाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय Task Force का गठन निम्नानुसार किया जाता हैः–

1. जिला मजिस्ट्रेट–सह–उपायुक्त, पलामू – अध्यक्ष
2. पुलिस अधीक्षक, पलामू – सदस्य
3. अपर जिला मजिस्ट्रेट (अपर समाहर्त्ता), पलामू – सदस्य
4. अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर–मेदिनीनगर – सदस्य
5. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू – सदस्य
6. अध्यक्ष, जिला वाल कल्याण समिति, मेदिनीनगर, पलामू – सदस्य
7. जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू – सदस्य
8. श्रम अधीक्षक–सह– नोडल पदाधिकारी, पलामू – सदस्य
9. जिला वाल संरक्षण पदाधिकारी, पलामू – सदस्य
10. जिला दुर्व्यापार निवारण युनिट, पलामू – सदस्य
11. सचिव, ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच, मेदिनीनगर – सदस्य

विश्वासभाजन

24/03/22

उपायुक्त,

पलामू।

ज्ञापांकः–.......98.......... मेदिनीनगर, दिनांकः–....24/03/2022....

प्रतिलिपिः– सभी संवंधित सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/03/22

उपायुक्त,

पलामू।